## खबर संक्षेप

### मनचला को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कटनी।** थाना बाकल पुलिस ने क्षेत्र में एक युवती से अभद्र टिप्पणी कर परेशान करने वाले मनचले युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री शिवा पाठक ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार आरोपी जयप्रकाश लोधी, निवासी धवाडी खम्हरिया, ने एक युवती पर टिप्पणी कर उसे परेशान किया था, जिससे क्षेत्र में लोक शांति भंग होने की स्थिति बनी।

### उर्वरक वितरण व्यवस्था सुदृढ़ करने लगी ड्यूटी

**कटनी।** रासायनिक उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में कटनी अनुभाग क्षेत्र के अंतर्गत समस्त बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, भंडारण केन्द्रों, प्रायवेट रिटेलर्स का निरीक्षण करने हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सोमवार, बुधवारव शुक्रवार को उर्वरक भंडार डबल लाक केन्द्रका निरीक्षण कटनी ग्रामीण के नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह करेंगे। जबकि कटनी नगरप्रभारी तहसीलदार श्री हर्षवर्धन रामटेकेको मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार कटनी नगर के अंतर्गत समितियों एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों में नियमित निरीक्षण की जिम्मेदारी हर्षवर्धन रामटेके, प्रभारी तहसीलदार, कटनी नगर को दी गई है। वहीं कटनी (ग्रामीण) में नियमित रूप से अतुलेश सिंह, नायब तहसीलदार, कटनी ग्रामीण निरीक्षण करेंगे। जबकि बड़वारा तहसील के उर्वरक विक्रय केन्द्रों नियमित रूप से निरीक्षणका दायित्वण ऋषि गौतम, नायब तहसीलदार बड़वारा व तहसील रीठी में नियमित रूप से निरीक्षण का दायित्व खगेश भल्लावी, प्रभारी नायब तहसीलदार रीठीको सौंपा गया है। ये सभी अधिकारी सौंपे गई तहसील, भंडारण केन्द्र का नियमित एवं औचक रूप से निरीक्षण कर समितियों एवं केन्द्रों में उर्वरकों के स्टाक की उपलब्धता तथा पीओएस मशीन के आंकड़ों का सत्यापन करेंगे।

### किसानों को मिलेगी 10 घंटे निर्बाध बिजली, विवादित सर्कुलर निरस्त

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जारी संदेश में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस सर्क्यूलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्क्यूलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही विवादित सर्क्यूलर मामले से जुड़े संबंधित चीफ इंजीनियर को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार काबिज है। किसानों के समग्र उत्थान के लिए हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिजली आपूर्ति से संबंधित विवादित सर्क्यूलर को रद्द कर दिया गया है और इसे जारी करने वाले संबंधित अधिकारी पर भी विधि अनुरूप कार्रवाई की जा रही है।

### प्रधान आरक्षक अजय सिंह उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित

**उमरियापान।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने उमरियापान पुलिस थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय सिंह को उनके उत्कृष्ट एवं लगनशील कार्य पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधान आरक्षक अजय सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आने वाली शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया है।

### समाधानकारक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी

# लापरवाही बरतने एवं कम प्रगति पर दो दर्जन से अधिक बीएलओ को थमाया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026कार्यक्रम जारी है। विधानसभा 93 मुड़वारा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनुभाग कटनी श्री प्रमोद चतुर्वेदी के द्वारा विधानसभा अंतर्गत समस्त मतदान केन्द्रों के बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ से प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही निर्वाचन जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही व हीलाहवाली करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा32 के तहत कार्यवाही की गई।

अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने एसआईआरकी प्रगति की समीक्षा के दौरान न्यून प्रगति के संबंध में नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र अपेक्षित प्रगति लाने हेतु समस्त बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देशित किया। साथ ही मुड़वारा विधानसभा अंतर्गत समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सतत मानीटरिंग करने एवं समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

### कारण बताओ नोटिस जारी

एसआईआर प्रगति की समीक्षा के दौरान अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे बीएलओ केन्द्र क्रमांक 80 श्रीमती अनीता दुबे तथा केन्द्र क्रमांक 70 श्रीमती रश्मि मिश्रा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। इसी प्रकार केन्द्र क्रमांक 51 से 60 तक के बीएलओ सुपरवाइजर त्रिभुवन सिंह उपयंत्री के विरुद्ध भी प्रशिक्षण से अनुपस्थिति के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा कार्य में 10 प्रतिशत से कम प्रगति वाले 19 बूथ लेवल अधिकारियों लता दाहिया केन्द्र क्र. 159, अनीता दुबे केन्द्र क्र. 80, गीता सिंह केन्द्र क्र. 138, यशोदा रघुवंशी केन्द्र क्र. 151, उर्मिला सेन केन्द्र क्र. 200, रतन कुमार चौधरी केन्द्र क्र. 130, रोशनी पेंड्रो केन्द्र क्र. 184, नम्रता जायसवाल केन्द्र क्र. 152, खुमान सिंह अहिरवार केन्द्र क्र. 288, संगीता गौतम केन्द्र क्र. 79, नीलम सिंह केन्द्र क्र. 156, रजनी कनौजिया केन्द्र क्र. 133, उषा हल्दकार केन्द्र क्र. 250, अनुपमा गौतम केन्द्र क्र. 245, गणेश प्रसाद कोरी केन्द्र क्र. 265, मुकेश निगम केन्द्र क्र. 248, शशि धुरिया केन्द्र क्र. 253, स्वाति नायक केन्द्र क्र. 82 तथा अंजना सिंह केन्द्र क्र. 86 को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया है तथा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये हैं।

बैठक में विधानसभा क्षेत्र 93 मुड़वारा के समस्त एईआरओ एवं तहसीलदार, सुपरवाइजरों एवं बूथ लेवल अधिकारियों की उपस्थिति रही।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत कार्य में रुचि नहीं लेने वाले और समीक्षा के दौरान कम प्रगति पाये जाने पर एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया ने 4 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन सभी को 7 नवंबर को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

रूचि नहीं लेने वाले और कमजोर प्रगति वाले जिन 4 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 94 बहोरीबंद के मतदान केन्द्रै क्रमांक 234 सुपेली के बीएलओ बोसचन्द्र झारिया व मतदान केन्द्रर कमांक 240 बहोरीबंद के बीएलओ संध्यास नामदेव एवं मतदान केन्द्र कमांक 185 भरदा की बीएलओ रेणुका भूमिया और मतदान केन्द्रन कमांक 217 बचैया के बीएलओ हरिशंकर साहू शामिल है।

### जुर्माना व सजा का प्रावधान

सभी 4 बीएलओ का कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है । इसलिए ऐसे पदीय कर्तव्य के भंग में किसी कार्य या कार्यलोप का दोषी युक्तियुक्त हेतु के बिना होगा, तो वह 'कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास से कम की नहीं होगी, किंतु दो वर्ष तक की हो सकेगी, और जुर्माने से भी दंडनीय होगा।




# 'भारत गोल्फ महोत्सव' का भव्य आयोजन 8 और 9 को, शामिल होंगे फिल्म स्टार रणदीप हुड्डा

**जबलपुर।** दोस्तों, मैं आ रहा हूँ... आपके अपने शहर, संस्कारधानी जबलपुर में... जबलपुर, जो सिर्फ़ संस्कृति और शौर्य का प्रतीक ही नहीं, बल्कि पर्यटन के लिए भी बेहद सुंदर है। दोस्तों, आपको यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 'भारत गोल्फ महोत्सव' का एक भव्य आयोजन किया जा रहा है... यह केवल गोल्फ इवेंट नहीं है, बल्की सितंबर, 2025 से जनवरी, 2026 तक भारत के विभिन शहरों में चलने वाली एक गौरव यात्रा है जिसमे गोल्फ फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया के प्रमुख उद्देशों जैसे वृक्षारोपण, में इन इंडिया का प्रमोशन एवं स्वस्थ जागरूकता आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए महोत्सव का भव्य समापन 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर होगा।8 और 9 नवम्बर को, शौर्य और संस्कृति की धरा जबलपुर के आर्मी क्षेत्र में, यह गौरवमय कार्यक्रम होने जा रहा है... देश के वीर जवानों के बीच। सम्मान, संस्कृति और संकल्प इस कार्यक्रम में वीर माताओं और वीर नारियों का हृदय से सम्मान होगा। यहाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक प्रयास होगा, हजारों की संख्या में प्लांटेशन और मैरोथन (दौड़) का आयोजन होगा। आइए, वीर सैनिकों के सम्मान में इस कार्यक्रम में भाग ले, पेड़ लगाकर अपना योगदान दे। मैं इस भव्य आयोजन के लिए... लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत जी (जिन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है) आर्यवीर जी (जो इस फेडरेशन के फाउंडर हैं ) और देश के सभी वीर जवानों को मैं नतमस्तक होकर अपना आभार व्यक्त करता हूँ! जय हिंद, जय भारत, जय हिंद की सेना। मिलते हैं जबलपुर में, भारत के वीर जवानों से ।

**नमस्कार संस्कारधानी, मैं हूँ आपका अपना, रणदीप हुड्डा...**

### समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

# विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों एवं भीम आर्मी ने किया चक्काजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



किसानों की समस्याओं को लेकर बुधवार को बहोरीबंद विकासखंड मुख्यालय में भीम आर्मी व संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वाधान मै सरकार के खिलाफ हल्ला बोल कर विरोध प्रदर्शन किया। बहोरीबंद तहसील मुख्यालय में लगभग 1 घंटे तक चक्काजाम कर किसानों की समस्याओं के निदान के लिए विरोध प्रदर्शन किया। चक्काजाम के चलते आवागमन भी प्रभावित हुआ!इसके बाद किसानों की विभिन्न समस्याओ के निदान हेतु मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से मांग की गईं कि वर्तमान समय में किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। बे-मौसम बारिश, बिजली संकट, खाद की कमी, और प्रशासनिक लापरवाही के कारण किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। धान की उपज का समर्थन मूल्य 3100 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए।ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके।बे-मौसम बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवज़ा 30 हजार रूपये प्रति एकड़ दिया जाए।फसल हानि का वास्तविक सर्वे कर किसानों को शीघ्र आर्थिक राहत दी जाए। बढ़े हुए बिजली बिलों को वापस लिया जाए। वर्तमान दरें किसानों पर अनुचित आर्थिक बोझ डाल रही हैं। डीएपी और यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता व सुचारु वितरण व्यवस्था की जाए।किसानों को लंबी कतारों में लगना न पड़े, इसके लिए नियंत्रण और निगरानी तंत्र मजबूत किया जाए। कृषि कार्य हेतु बिजली आपूर्ति दिन के समय की जाए।

रात के समय बिजली मिलने से किसानों को असुविधा होती है और दुर्घटनाओं की संभावना रहती है।धान की उपज की सरकारी खरीदी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए।ताकि किसान अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच सकें और दलालों से बचें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद में सर्पदंश पर एंटीवेनम दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खाली पड़े डॉक्टर और अन्य स्टाफ पदों पर तत्काल नियुक्ति की जाए। गाँव-गाँव में फैल रही अवैध शराब की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए।

## विद्यार्थियों को किया गया निःशुल्क साइकिलों का वितरण




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी मे मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के तहत साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे। विधायक ने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करने तथा अपने माता–पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने की सीख देते हुए शिक्षकों को भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने की बात कही। विधायक के द्वारा कक्षा 6 वी के 9 ओर कक्षा 9 वी के 61 विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की। इसके साथ शासकीय कन्या माध्यमिक शाला बिलहरी में भी कक्षा 6 वी की 9 छात्राओ को साईकिल वितरित की गईं। साईकिल पाते ही विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, जिला पंचायत सदस्य पप्पू मिश्रा, प्राचार्या रेखा तिवारी सहित स्कूल स्टॉफ सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# हनुमान मंदिर में हुई चोरी की वारदात, चांदी का मुकुट एवं गदा लेकर हुए चंपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

### बरही थाना क्षेत्र के करेला गांव का मामला लोगों में बढ़ा आक्रोश

बरही थाना क्षेत्र के करेला गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में बुधवार सुबह अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर मंदिर से भगवान हनुमान जी का चांदी का मुकुट और गदा चुरा ले गए। चोरी गए आभूषणों की कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बरही पुलिस को दी।

चोरी की यह वारदात बुधवार तड़के तब हुई, जब मंदिर में कोई मौजूद नहीं था। अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश किया और भगवान हनुमान जी की प्रतिमा से चांदी के आभूषण चुरा लिए। सुबह जब पुजारी और ग्रामीण मंदिर पहुंचे, तो ताले टूटे देखकर उन्हें चोरी का पता चला। अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि हनुमान जी का मुकुट और गदा गायब थे। मंदिर से लाखों के आभूषण चोरी होने की खबर पूरे करेला गांव में तेजी से फैल गई, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में जमा हो गए और घटना पर नाराजगी व्यक्त की। सरपंच अमर सिंह ने इसे केवल चोरी नहीं, बल्कि उनकी आस्था पर चोट बताया है। उन्होंने पुलिस से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी का सामान बरामद करने की मांग की है।

घटना की सूचना मिलते ही बरही थाने की पुलिस टीम तत्काल करेला गांव पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और ग्रामीणों से पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक जांच में ग्रामीणों ने गांव के ही कुछ संदिग्ध व्यक्तियों पर चोरी में शामिल होने का संदेह जताया है। पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा बताए गए इन संदेहियों के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। चोरी किए गए चांदी के मुकुट और गदा की कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है।

### मुखबिर की सूचना पर एनकेजे पुलिस ने की कार्यवाही

# बलवा के मामले में फरार पिता- पुत्रों सहित आधा दर्जन आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बलवा के मामले में फरार आधा दर्जन आरोपितों को एनकेजे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों पर अंकुश लगाने, शांति व्यवस्था कायम रखने तथा आदतन अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने के तहत एन.के.जे. थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।

### घर जाकर पकड़ा

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के अपराध क्रमांक 446/25 धारा 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(3) बीएनएस में दर्ज बलवा प्रकरण के छह फरार आरोपी ग्राम टेढ़ी में अपने घर पर मौजूद हैं।

सूचना पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम टेढ़ी पहुंचकर घेराबंदी की और सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया।सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके कृत्यों से क्षेत्र में भय व आक्रोश का माहौल था। क्षेत्र में शांति बनाए रखने हेतु पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहाँ से सभी को अंतिम बाउंड ओवर किया गया।

### इन आरोपितों को पकड़ा

पुलिस द्वारा जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उनमें संजू लुनिया पिता कल्लू लुनिया 23 वर्ष, निवासी गुबराधरी, आशीष लुनिया पिता शिवचरण लुनिया 22 वर्ष, निवासी टेढ़ी, सोहन लुनिया पिता कल्लू प्रसाद लुनिया 22 वर्ष निवासी गुबराधरी, संजय लुनिया पिता कल्लू लुनिया 24 वर्ष, निवासी गुबराधरी, सौरभ उर्फ अत्तु लुनिया पिता कल्लू लुनिया 25 वर्ष निवासी गुबराधरी तथा कल्लू प्रसाद लुनिया पिता चूरामन लुनिया 52 वर्ष निवासी गुबराधरी शामिल हैं।

### किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद

# जिले को मिली 576 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रबी फसलों के लिए यूरिया खाद की एक रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 576 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है और यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धकता देखकर इसका भौतिक सत्यारपन अवश्यन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र और स्लीमनाबाद डबल लॉक केन्द्रे के लिए 60-60 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्री य बैंक कटनी को 146 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद, सीएमएस ढीमरखेड़ा को 25-25 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 50 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071पर दे सकते हैं।

### किसानों से मनमानी वसूली और खाद की किल्लत पर सौंपा ज्ञापन

**उमरियापान।** जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया के नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्यों ने कलेक्टर आशीष तिवारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं को लेकर मांगें रखीं। जिला पंचायत सदस्यों ने बताया कि जिले में रबी और खरीफ सीजन की फसलों की कटाई के लिए पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों से हार्वेस्टर मशीनें आती हैं। फसल कटाई के लिए स्थानीय एजेंटों के माध्यम से किसानों से इन हार्वेस्टरों के लिए मनमानी दरों पर राशि वसूली जाती है। किसानों को मजबूरी में ऊंची दरें चुकानी पड़ती हैं, जिससे उनकी लागत और आर्थिक संकट बढ़ रहा है।इसके अलावा जिला सदस्यों ने कहा कि कृषि कार्य में उपयोग होने वाली डीएपी और यूरिया खाद भी विक्रेताओं द्वारा तय मूल्य से अधिक दरों पर बेची जा रही है। कई वितरण केंद्रों पर समय पर खाद उपलब्ध नहीं होती, जिससे किसानों को खुले बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ती है। जिला सदस्यों ने कलेक्टर से मांग किया कि हार्वेस्टर से फसलों की कटाई की दरें प्रशासन द्वारा निर्धारित की जाएं।खाद विक्रय में अनियमितता की शिकायत के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया जाए। तय मूल्य से अधिक दर पर विक्रय करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# बीएलओ को सहयोग करने मतदाताओं से की गई अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि जिले में 4 नवंबर से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किया जा रहा है। मतदाताओं से उनके घरों में पहुंचने वाले बीएलओ को वांछित जानकारी प्रदाय करने में सहयोग करने की अपील की है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने लोगों से आग्रह किया है कि जब बीएलओ आपके घर पहुँचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। नागरिकों के सहयोग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो तथा कोई अपात्र प्रविष्टि मतदाता सूची में न रहे। इसलिए एक जिम्मेदार नागरिक एवं जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाते हुए इस प्रक्रिया में बीएलओ के साथ सहयोग करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सर्वे कर मतदाताओं को गणना पत्रक दिया जाएगा। मतदाता इस गणना पत्र को संवेदनशीलता एवं गहनता के साथ भरे एवं उसको चेक करें। भरे गणना पत्रक को बीएलओ द्वारा एकत्रित किया जाएगा। इसके पश्चात प्रारंभिक सूची बनाई जाएगी जो 9 दिसंबर को जारी की जाएगी। प्रारंभिक सूची के उपरांत मतदाताओं से दावे आपत्ति ली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### नल जल योजना शुरू नहीं हुई तो करेंगे चकाजाम

**सिलौंडी।** सिलौंडी में जल जीवन मिशन का कार्य पिछले चार से पांच महीने से बंद है ठेकदार ने मनमर्जी से संगम कॉलोनी रोड को खोदकर छोड़ दिया है । संगम कॉलोनी रोड से लगभग एक दर्जन गांव लोग का आना जाना होता है रोड की बीचों बीच रोड खुदी होने के कारण रोज ही छोटे छोटे हादसे हो रहे है। ग्राम के कुछ लोग रोड में गिरने से घायल भी हो चुके है । जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी पीएचआई चुप्पी साधे है। सिलौंडी के अनेक लोगों को नल जल योजना से नया कनेक्शन से घर बैठे पानी मिलने की सुविधा हो जाएगी। अभी गांव के ऊपरी हिस्से में गर्मी में पानी की बहुत दिक्कत होती है। पुरानी पाइप लाइन में अनेक जगह लीकेज होने से अनेक परिवार को पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल पा रहा है। सिलौंडी के लोगों ने प्रशासन को 15 दिनों में समस्या का समाधान करने मांग की है। 15 दिन में नल जल योजना का शुरू नही हुई तो सिलौंडी में चक्का जाम होगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित दो बीएलओ को नोटिस जारी

**कटनी।** निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर अनुविभागीय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आँगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ दो बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी कारण बताओ नोटिस में मतदान केंद्र क्र. 70 की बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रश्मि मिश्रा और मतदान केंद्र क्र. 80 की बीएलओ एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता दुबे को प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्य में अनुपस्थित रहकर घोर लापरवाही बरतनें एवं वरिष्ट अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किया जाना परिलक्षित होता है। इसलिए क्यों न इस कारित कृत्य के लिये लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 एवं म.प्र. सिविल सेवा आचरण के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। इसलिए दोनों बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। जवाब प्रस्तुत नहीं करने और समाधान कारक जवाब नहीं पाये जाने पर यह माना जायेगा कि आपके पक्ष में कोई आधार नहीं है ऐसे में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत ऐसे पदीय कर्तव्य के भंग में किसी कार्य या कार्यलोप का दोषी युक्ति युक्त हेतुक के बिना होगा तो वह 3 माह से 2 वर्ष तक की अवधि के लिए कारावास और जुर्माने से दंडनीय होगा।

### 148 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं

**कटनी।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने 148 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

महापौर, आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मधई मंदिर से निकली शोभायात्रा

# हनुमानजी की भव्य शोभायात्रा के साथ श्री बजरंग कटाये घाट मेला का आगाज, भजनों की रही गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगरनिगम के तत्वाधान में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बुधवार को तीन बजे से मधई मंदिर से श्री बजरंग कटायेघाट मेले की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षदगण सहित गणमान्य नागरिकों निगम के अधिकारी कर्मचारी व भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस यात्रा में ध्वज पताका एवं भजन गाती टोलियां, वाहन में श्री हनुमान जी महाराज की भव्य प्रतिमा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, एमआईसी सदस्य, पार्षदों सहित उपस्थित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्री बजरंगबली की आरती कर पुण्य लाभ अर्जित करते हुए शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इसके पहले महापौर श्रीमती सूरी निगमायुक्त सुश्री परिहार ने जनप्रतिनिधियों के साथ मधई मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर नगरवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। शोभा यात्रा का वह पल मनमोहक रहा जब





पहली बार 15 ब्राह्मणों द्वारा श्री बजरंग बली जी की एक साथ पूजा अर्चना की गई।

#### इन मार्गों से निकलेगी शोभायात्रा

शोभा यात्रा के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचने पर प्रभु बजरंग बलीजी की आरती की जाकर शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, सराफा बाजार, झंडा बाजार, सुक्खन चौक, शेर चौक, मिशन चौक होते हुए मिशन चौक से होते हुए कटायेघाट मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां एकता जागरण मंडल के संजू नाकरा एवं उनकी टीम द्वारा दी गई। महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी भजन का गायन किया गया।

#### धूमधाम से चढ़ाया गया ध्वज

डीजे संगीत की धुन पर सुमधुर भजनों के साथ नगर के विभिन्न स्थलों से होती हुई शोभायात्रा कटाये घाट मंदिर पहुंची, जहां पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना पश्चात हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना की जाकर ध्वज अर्पित किया गया। वहीं मेला प्रांगण में दुकानें भी सज चुकी हैं। मेला 9 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

#### आयोजित होंगी ये गतिविधियां

मेले में गुरुवार 6 नवंबर से 8 नवंबर तक दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन, नृत्य निबंध प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी, खेल कूद प्रतियोगिता खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, कृष्ण रासलीला, दीपावली नृत्य सहित रात्रि कार्यक्रम के तहत सुंदर कांड पाठ, लेजर शो, ठोलक कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर 9 नवंबर को दोपहर 3:30 बजे से पुरस्कार वितरण एवं मेले के समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा।

## चेन स्नेचिंग के दो आरोपितों गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरही पुलिस ने चैक स्नेचिंग करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी प्रभा नामदेव पति चंद्रभान नामदेव 42 निवासी ग्राम मुड़गुड़ी चौकी अमरपुर थाना इंदवार जिला उमरिया ने 01.11.2025 को थाने में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई की मैं अपनी बेटी के साथ नामदेव जयंती के उत्सव में बरही आई थी। बरही मैहर रोड पर नितेश किराना स्टोर से सामान लेकर शाम 4:30 बजे अपनी बेटी के साथ घर जाने के लिए ऑटो में बैठी जैसे ही वाहन बढ़ा उसी समय दो लड़के ऑटो के साथ दौड़े व एक लड़के ने मेरे गले में पहने हुए सोने के पांचाली लॉकेट झपट लिया। मैं चिल्लाई तो ऑटो चालक ने वाहन रोका इतने में दोनों लड़के दौड़ लगा दिए व मेरी बेटी दोनों झपटा मारने वाले लड़कों को पकड़ने के लिए दौड़ी तो दोनों बाउंड्री कूद कर भाग गए झपट्टा मारने वाले लड़के दुबले पतले 20 – 22 साल उम्र के थे।

घटना के आसपास के लोगों ने बताया कि झपट्टा मारने वाले लड़के का नाम आकाश चौधरी है। रिपोर्ट पर थाना बरही में अपराध क्रमांक 661/2025 दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की विवेचना दौरान आरोपी की धरपकड़ हेतु टीम गठित कर लगातार आरोपियो के घर व संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी उसी दौरान मुखबीर की सूचना पर दोनों आरोपी आकाश चौधरी पिता मुकेश चौधरी 23 साल निवासी चौधरी मोहल्ला बरही , कोमल चौधरी पिता मिंता चौधरी 22 साल निवासी चौधरी मोहल्ला बरही को उनके घर से गिरफ्तार कर पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार की व चोरी गया मशरूका 03 लॉकेट आकाश चौधरी से व 02 लॉकेट कोमल चौधरी से पांचों कीमती लगभग 50000 रूपए बरामद किए गए। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक दिनेश गौतम, सहायक उप निरीक्षक राजेश कोरी,की सराहनीय भूमिका रही।

*गुरूनानक देव की जयंती पर शबद कीर्तन के साथ लंगर आयोजित*

## प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, हुए संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गुरु नानक देवजी जयंती पर बरही रोड स्थित गुरुद्वारा में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गुरूद्वारा में प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन हुए और प्रसाद का वितरण के साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। लखनऊ से आए रागी जत्थे के द्वारा एक से बढ़कर एक शबद कीर्तन किए गए, जिन्हें सुनकर संगत निहाल हुई। धन नानक तेरी वड्डी कमाई, नानक दुखिया सब संसार, नानक नाम मिले त जीवा, नानक सतगुरु वाहो-वाहो, कलतारण गुरुनानक आया, आबी बाबा नानका, सतगुरु नानक पर घटया, इक बाबा अकाल रूप मेरा साहिबा, लख खुशिया



पातशाहियां, पुकार बाबा नानक नू, नानक चिंता मत करो जो बोले सो निहाल-सतश्री अकालड्ड। इन शबद-कीर्तन से गुरुद्वारा गुंजायमान रहा। अवसर था सिक्खों के पहले गुरु गुरुनानक देवजी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में श्री गुरु सिंह सभा कटनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम किया गया इस मौके पर गुरवाणी पाठ, संकीर्तन हुए।

गुरु नानक जयंती को गुरु पर्व के नाम से भी जाना जाता है। गुरु पर्व को नानक देव के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह सिख धर्म का सबसे बड़ा पर्व होता है। सिख धर्म में इस दिन को प्रकाश उत्सव कहा जाता है। इस दिन गुरु नानकजी का जन्म हुआ था। गुरु नानक सिख धर्म के पहले गुरु थे।

कार्यक्रम आयोजन के दौरान गुरचरण सिंह खुराना, तेजपाल सिंह भाटिया, अवतार सिंह टुटेजा, सोनू खुराना, सतवीर सिंह भाटिया, जसप्रीत सिंह लांबा, बाबू ग्रोवर, इकबाल सलूजा, अमनदीप सिंह भाटिया, रिंकी खालसा, लकी खालसा, संतोख सिंह भट्टी, नीटू नारंग, हरप्रीत सिंह ग्रोवर, जसपाल सिंह मठारू, हरभजन सिंह खालसा, रवि गंगवानी, भीषम चेलानी, अरुण चक्रवर्ती, सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल रहीं।

## प्रकाश पर्व के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन



श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर अमृतवेला ट्रस्ट कटनी द्वारा बुधवार को अमृतवेला पॉपटानी हॉल, माधव नगर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानवता की मिसाल पेश की। ट्रस्ट के सदस्यों और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। रक्तदाताओं ने समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश देते हुए कहा कि "रक्तदान सबसे बड़ा दान है, इससे न केवल जीवन बचते हैं बल्कि समाज में सेवा और एकता की भावना भी मजबूत होती है।"इस अवसर पर अमृतवेला ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा दिया गया रक्त तीन जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित सत्संग और लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## टोला बरेली सड़क का एक वर्ष में दूसरी बार उखड़ा डामर, गुणवत्ता की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ग्राम टोला से बरेली गांव तक लगभग दो किलोमीटर लंबाई वाली सड़क का डामरीकरण वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से किया गया था। सड़क का डामर महज़ एक वर्ष के भीतर दूसरी बार जगह-जगह से उखड़ गया है, जिससे न केवल निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि विभागीय लापरवाही भी खुलकर सामने आ रही है।

सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों बाद पहली बार डामर उधड़ने की शिकायतें सामने आई थीं। उस समय संबंधित विभाग ने खानापूरी करते हुए औपचारिक तौर पर गड्ढों को भरकर सुधार कार्य तो कर दिया था, लेकिन समस्याओं की जड़ तक नहीं



पहुँचा गया। नतीजा यह है कि अब एक वर्ष पूरा होने से पहले ही सड़क पर फिर से कई स्थानों पर गिट्टी और उधड़ा डामर साफ दिखाई देने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब पहली बार डामर उखड़ा था, तब भी उन्होंने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया था, लेकिन सुधार कार्य गंभीरता के बजाय औपचारिकताओं के नाम पर किया गया। यही वजह है कि हल्की बारिश, वाहनों की आवाजाही और निर्माण मानकों की अनदेखी के चलते सड़क अब पुनः उखड़कर खस्ताहाल हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ही कई अनियमितताएं सामने आई थीं। सड़क किनारों की सही तरीके से सघनता नहीं की गई।डामर की मोटाई और गुणवत्ता को लेकर संदेह जताया गया।मेंटेनेंस और निगरानी में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही साफ नजर आई।

*कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण*

## दद्दा धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दद्दा धाम में 9 से 13 नवम्बर तक होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर आशीष तिवारी और एसपी अभिनव विश्वकर्मा महोत्सव स्थल पर पहुंचे और प्रबंधन समिति से आयोजन की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उनके साथ प्रशासन के अन्य आला अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि आयोजन सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न हो। जायजा लेने के दौरान निगम आयुक्त तपस्या परिहर, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया, माधव नगर थाना प्रभारी संजय दुबे यातायात प्रभारी



राहुल पांडे, दद्दाजी के सुपुत्र पंडित नीरज त्रिपाठी, तनवीर खान,सुमित दीपक जैन मौजूद रहे।

महोत्सव के दौरान दद्दा धाम में अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्थिव शिवलिंग निर्माण – प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से शुभारंभ। महारुद्राभिषेक एवं भंडारा/महाप्रसाद – दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक। अमृतमयी कथा – 11 से 13 नवम्बर तक सायं 4 बजे पंडित इंद्रेश उपाध्याय (वृंदावन) द्वारा।प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्तमुख्य अनुष्ठान 11 नवम्बर (अगहन कृष्ण पक्ष सप्तमी) को प्रातः 10 बजे संपन्न होगा। इस अवसर पर देशभर के प्रसिद्ध संत एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। विशेष कथावाचक और संतजनपंडित मोहित मराल गोस्वामी (राधा वल्लभ मंदिर, वृंदावन) पंडित अनिरुद्ध आचार्य (गौरी गोपाल आश्रम, वृंदावन) पंडित पुंडरीक गोस्वामी (कथावाचक, वृंदावन) रेणुकाजी (राधा रमण मंदिर, वृंदावन) संत लाल दास साईं जी (झूलेलाल मंदिर, छत्तीसगढ़)

महोत्सव के दौरान दद्दा धाम में प्रतिदिन संगीतमय भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के लोकप्रिय भजन गायक और कलाकार अपने गीतों और भजनों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेंगे। 9 नवम्बर को संजो बघेल सुबह 9 बजे अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 11 नवम्बर को शाम 6 बजे कन्हैया मित्तल की भजन संध्या आयोजित होगी। 12 नवम्बर को चित्र विचित्र महाराज शाम 6 बजे भक्तों के साथ भक्ति रस में डूबेंगे। समापन दिन 13 नवम्बर को निकुंज कामरा, आरुषि गंभीर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता सुधार हेतु अधिकारी सघन निरीक्षण

## पुराने निर्माण कार्यों की समस्याओं का निराकरण करा मिशन मोड पर पूर्ण कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत विगत वर्षों के अत्यंत पुराने निर्माण कार्यों को समस्याओं का निराकरण कराते हुए गुणवत्तापूर्ण तरीके से मिशन मोड पर पूर्ण कराएं। शालाओं में छात्र-छात्राओं हेतु परोसे जा रहे मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता सुधार हेतु अधिकारी सघन निरीक्षण करें। शालाओं में बच्चों को मेन्यू के अनुसार स्वच्छ,स्वादिष्ट और गर्म मध्यान्ह भोजन मिले,इस पर विशेष ध्यान दें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।



#### पंचायतें विकास की नींव

समीक्षा करते हुए सुश्री कौर ने निर्धारित एजेंडा के अनुसार योजनावार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें विकास की नींव है। सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वीकृत अप्रारंभ और निर्माणाधीन कार्यों को इश्यूज रिजॉल्व करते हुए तत्परता से गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक यंत्री और एपीओ एक-एक लंबित कार्य की निगरानी करते हुए कार्य पूर्णता में प्रगति लाएं। यदि निर्माण एजेंसी द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग कर लिया गया है तो बृहद परीक्षण करते हुए राशि वसूली के प्रस्ताव भेजें।

**लेबर बजट बढ़ाएं**

मनरेगा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत की सीईओ ने विशेष रूप से बड़वारा और विजयराघवगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और मनरेगा की अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को श्रमिक नियोजन में वृद्धि लाने के निर्देश दिए। ईकेवाईसी एवं फेल ट्रांजिक्शन को भी दुरुस्त करते हुए शत प्रतिशत कराए जाने हेतु निर्देशित किया। सुश्री कौर ने एक बगिया मां के नाम की प्रगति की समीक्षा करने पर लक्ष्य के अनुसार वांछित प्रगति नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई तथा नियत समय में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

**खाद्यान्न उठाव कराएं**

एमडीएम की समीक्षा करते हुए उन्होंने सुश्री कौर ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शालाओं द्वारा खाद्यान्न उठाव पूर्ण कराएं। इसकी रिपोर्टिंग प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप में भी करें। अपूर्ण किचन कम डाइनिंग हॉल के कार्य को मॉनिटरिंग करते हुए शीघ्र पूर्ण कराएं।

**इनकी भी हुई समीक्षा**

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत शेष स्वीकृतियों,पूर्णता, ईकेवायसी, पीएम जनमन आवासों की पूर्णता की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। वर्ष 2024 25 के आवासों की पूर्णता की स्थिति में सुधार लाएं। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान,एनआरएलएम, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,विधि एवं आरजीसीए की समीक्षा कर तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर प्रगति लाने को कहा। सुश्री कौर ने एनआरएलएम ढीमरखेड़ा द्वारा एसएचजी अपडेशन में प्रगति समाधान कारक नहीं पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।

## संत शिरोमणि नामदेव महाराज की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755 वी जयंती नामदेव समाज के द्वारा धूमधाम से मनाई गई।तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत धरवारा मैं नामदेव समाज के द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत शोभायात्रा से गई जहां संत शिरोमणि नामदेव महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा का आगाज किया गया।

शोभायात्रा समूचे नगर का भ्रमण करते हुये कार्यक्रम स्थल पहुँची।जहां पूजा- अर्चना की गई।शोभायात्रा से मानवता की सेवा व कल्याण का संदेश दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसरपंच अमित गर्ग ने कहा कि नामदेव समाज की समाजिक जीवन में महती भूमिका रहती है।नामदेव समाज ने समाज को हमेशा सजाने और संवारने का काम किया है ।संत शिरोमणि महाराज का जीवन हमे



त्याग, तपस्या, अहिंसा और भक्ति की सीख देता है।हर मनुष्य भगवान की भक्ति करे ,स्वयं की आध्यात्मिक उन्नति करे और मानवता का भी कल्याण करे।

संत शिरोमणि नामदेव महाराज प्रेम, सत्य अहिंसा व सद्भाव के प्रतीक थे।संत शिरोमणि नामदेव महाराज ने श्रद्धा और भक्ति के माध्यम से जीवों के कल्याण का जो अद्वितीय मार्ग दिखाया वह अनंत काल तक हम सबके जीवन को शुभ प्रकाश और सार्थक दिशा देता रहेगा।कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के तहत संध्या कीर्तन व रात्रि जागरण किया गया।कार्यक्रम समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान भगवानदास नामदेव, रामकुमार नामदेव,परम लाल नामदेव, उपसरपंच अमित गर्ग,पंच जमुना कोल,सुभाष साहू ,मुकेश नामदेव ,गोविंद नामदेव,भागचंद नामदेव, उत्तम नामदेव, ज्ञानचंद, पंकज नामदेव सहित समाज के अन्य जनो की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

### नैमिषारण्य में होगा श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ

**दमोह।** श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू के पुजारी कमलेश्वरानंद जी महाराज ने बताया कि श्री सत्यनारायण भगवान की असीम कृपा एवं शौनकादि अठासी हजार ऋषियों के आशीर्वाद से पुण्य पावन तीर्थ क्षेत्र नैमिषारण्य में श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य कथा 2 दिसंबर से 8 दिसंबर 2025 तक संपन्न होगी। कमलेश्वरानंद जी ने बताया कि यात्रा का प्रस्थान दिनांक 1 दिसंबर 2025 को श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू, दमोह से दोपहर 1 बजे होगा। 2 दिसंबर से कथा का शुभारंभ नैमिषारण्य में किया जाएगा तथा 9 दिसंबर को वापसी यात्रा प्रारंभ होकर 10 दिसंबर को दमोह पहुंचने का कार्यक्रम रहेगा।

### श्रीमती शीला पाण्डेय का निधन

**दमोह।** सिविल वार्ड नं 7 सालोमन निवासी शिक्षिका श्रीमति शीला पाण्डेय का विगत दिनों आसामयिक निधन हो गया। वह 66 वर्ष की थी वह रिटायर एस.डी.ओ. (पी.एच.ई.) जे.पी. पाण्डेय की धर्मपत्नि एवं प्रशांत पाण्डेय की माता जी थी। उनका अंतिम संस्कार जटाशंकर मुक्तिधाम में किया गया। जहां सभी धर्मो के लोगों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजली अर्पित की।

रात में रहता है असामाजिक तत्वों का डेरा

# सामुदायिक मंगल भवन का आमजन का नहीं मिल रहा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

एकादशी देवउठनी ग्यारस पर्व के बाद शादियों का सिलसिला शुरू हो गया है और जिस परिवार में शादी मुहुर्त निकला है, उस परिवार के लोग तैयारियों में जुट गए है। इसके तहत शादी हाल भी बुक किए जा रहे हैं। धनाढ्य वर्ग तो निजी मैरिज गार्डन बुक कर अपने बच्चों की शादी धूमधाम से कर लेंगे लेकिन गरीब वर्ग को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि नगर में बने एक मात्र मंगल भवन पर नगर परिषद का कब्जा होना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में गिने चुने मैरिज गार्डन है और जब शादिया अधिक रहती है तो इन गार्डनों की कीमत बढ़ जाती है। जिससे गरीब वर्ग अपने बच्चों की शादी के लिए ये गार्डन बुक नहीं करा पाता है। इसके बाद उनके 'सामने एक ही ऑप्शन मंगल भवन बचता है लेकिन उस पर परिषद का कब्जा है। लोगों ने कहा नगर परिषद के तहत 15 वार्ड है, लेकिन इन वार्डों में एक भी सार्वजनिक भवन नहीं हैं जिसका लाभ समय पर लोगो को मिल सके। एक लौता मंगल भवन ही ऐसा है, जिसमें लगभग 5से 8वर्ष पहले शादी विवाह और सार्वजनिक कार्यक्रम करने के लिए कम शुल्क लेकर किराए पर मिल जाता था, लेकिन अब तो उसका लाभ मिलना भी बंद हो गया है। सरकार द्वारा करीब 20 साल पहले पशु अस्पताल के सामने एक सामुदायिक मंगल भवन बनाया गया था। जिसमें एक बड़ा हॉल, चार-पांच कमरे, शौचालय आदि की सुविधा है। सामने बांउड्रीयुक्त मैदान भी है। जिसे कम पैसों में लोग बुके कर बच्चों की शादियां सहित अन्य कार्यक्रम करते थे। लेकिन नगर परिषद का भवन जर्जर होने की वजह से इस मंगल भवन में परिषद का कार्यालय शिफ्ट कर दिया गया था। लगभग तीन वर्ष बाद नगर परिषद नए भवन में शिफ्ट हो गया है, पर परिषद ने मंगल भवन अभी तक खाली नहीं किया है। इससे लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है।

#### कबाड़ रखने के लिए किया जा रहा उपयोग

उक्त मंगल भवन, नगर परिषद की नई बिल्डिंग के बाजू में बना है। नई बिल्डिंग निर्माण में कई कक्ष खाली पड़े हैं, लेकिन उसके बाद भी आज तक परिषद का रिकॉर्ड और सामग्री मंगल भवन में रखी हुई है। लोगों ने कहा कि यदि मंगल भवन की सामग्री नई बिल्डिंग में शिप्ट हो जाती हैं तो उस भवन का लाभ नगर के उन लोगों को मिलने लगेगा जिनके घर शादी विवाह हैं और जगह का अभाव बना हुआ हैं। वहीं इस सामुदायिक मंगल भवन में रात्रि में असामाजिक तत्वों का डेरा जमा रहता है। नगर के शराबी तत्व यहां बैठकर शराब पीते हैं और सामग्री फेंक चले जाते हैं। उन पर रोक न लगने की वजह भवन का मुख्य गेट हमेशा खुला रहता है। जिससे शराबियों के लिए बैठने के लिए जगह और एकांत स्थान मिल जाता है। हर दिन रात होते ही असामाजिक तत्वों का डेरा लगना शुरू हो जाता है।

#### मैदान बन गया पार्किंग स्थल

वही मंगल भवन के सामने बना परिसर अब पार्किंग स्थल बन गया है यहां पर नगर परिषद के कचरा वाहन ट्रैक्टर सहित अन्य सामग्री को परिसर रखा जा रहा है साथ ही अन्य लोगों के वाहन भी इस परिसर के अंदर रखे देखे जाते हैं लेकिन नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी इस और ध्यान नहीं दे रहे है लोगों का कहना है परिसर के अंदर रात्रि में असामाजिक तत्वों द्वारा अन्य गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है क्योंकि परिसर का पूरी रात्रि गेट खुला रहता है

#### मंगल भवन क्षतिग्रस्त है नहीं दे सकते

जब इस संबंध में नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल से. बात की तो उन्होंने कहा कि मंगल भवन की बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हैं। इसलिए अभी किराए पर नहीं दी जा सकती हैं। जल्द ही मरम्मत कार्य करवाया जाएगा और उसके बाद नगर के लोगों को लाभ मिलना शुरू हो जाएगा अगर परिसर में शराबखोरी आदि कार्य संचालित हो रहे हैं तो मैं दिखवाता हूं और हर दिन गेट बंद करने के लिए बोलता हूं।

दिनभर लगी रही भक्तों की कतारें

# कार्तिक पूर्णिमा पर जागेश्वरधाम बांदकपुर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जिले ही नहीं, बल्कि संपूर्ण बुंदेलखंड और देशभर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव धाम बांदकपुर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भक्ति का अद्भुत सैलाब देखने को मिला। भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिर परिसर "हर हर महादेव" के जयघोष से गूंज उठा। सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। दिनभर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का क्रम अनवरत चलता रहा। कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर जिलेभर से श्रद्धालु तो पहुंचे ही, साथ ही सागर, छतरपुर, पन्ना, कटनी और जबलपुर सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में भक्त बांदकपुर पहुंचे। मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने के लिए सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं जो देर रात तक जारी रहीं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। भक्तों ने गंगाजल और मंदिर के पवित्र जल से भगवान जागेश्वर नाथ का अभिषेक किया। कार्तिक माह के अंतिम स्नान पर्व पर कार्तिक साखियों ने पारंपरिक गीतों और भक्ति भजनों से वातावरण को मंगलमय बनाया। वहीं ग्वाल-बालों द्वारा आयोजित वरेदी कृत्य (पारंपरिक रात्रिकालीन भक्ति अनुष्ठान) पूरी रात चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

#### हरिहर मिलन के दर्शन का भी सौभाग्य

कार्तिक पूर्णिमा से एक दिन पूर्व वैकुंठ चतुर्दशी की मध्य रात्रि में मंदिर के कपाट खोले गए और हरिहर मिलन का दुर्लभ दृश्य देखने हजारों भक्त एकत्र हुए। यह पावन क्षण देखने के बाद श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन कर अपने घरों को लौटे।

## सरपंच सचिव पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

**जबेरा।** जबेरा जनपद पंचायत जबेरा की एक ग्राम पंचायत पर पुनः भ्रष्टाचार के आरोप लगे है ग्राम पंचायत पारसई के ग्रामीणों ने सरपंच सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम पंचायत में फर्जी बिलों और फर्जी वेंडरो के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है जिसमें चौकीदारी टेंट हाउस मिष्ठान भंडार एवं मजदूरी जैसी विभिन्न मदो में एक ही नाम से कई फर्जी वेंडर पंजीकृत कर उन्हें के माध्यम से सरकारी खजाना लूटा जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा के पास शिकायत दर्ज कराई है परंतु जिम्मेदारों के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। सभी अधिकारी छुपी शादी हुए हैं स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उच्च स्तरीय जांच कराई जावे ताकि सरकारी धन के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके एवं दोषियों पर सख्त कार्यवाही का मार्ग प्रशस्त हो।

## दोनी सेलवाडा- मार्ग पर सड़क पर घूमता दिखा तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वन परिक्षेत्र के सैलवाड़ा सर्किल अंतर्गत सैलबाड़ा से सिंग्रामपुर मार्ग पर सोमवार की दोपहर 4 बजे एक बार फिर तेंदुआ को सड़क पार करते हुए देखा गया इस दौरान कार में सवार कुछ युवकों ने तेंदुए की फोटो अपने मोबाइल फोन में ले ली। दमोह के कुछ लोग सोमवार को घूमने के लिए दोनी के हनुमान मंदिर और किशनगढ़ धाम आए थे। जहां से वापस दमोह जाते समय दोनी पठादो के बीच सड़क पर झाड़ियों से निकल कर अचानक से सड़क पर तेंदुआ आ गया। जैसे देखकर कार सवार लोग दहशत में आ गई। तेंदुआ सड़क पार करके जंगल की और भाग गया ज्ञात हो कि सैलवाड़ा व सहजपुर के जंगलों में तेंदुआ की मौजूदगी लगातार देखी जा रही है। जिसकी पुष्टि स्वयं वन विभाग द्वारा की जा चुकी है। यह घटना उसी क्षेत्र में पुनः तेंदुआ की सक्रियता की ओर संकेत करती है। वहीं आए दिन क्षेत्र में तेंदुआ का मूवमेंट देखा जा रहा है।राहगीरों के मुताबिक क्षेत्र में लगातार तेंदुओं का मूवमेंट बढ़ता जा रहा है क्षेत्र में लगातार ही तेंदुआ लोगों को दिखाई दे रहा है। कुछ दिन पहले ही जनपद सीईओ द्वारा भी तेंदुआ को जबलपुर मार्ग पर घूमते हुए दिन में देखा था। फिलहाल तेंदुआ, सैलवाड़ा, दोनी, पाठादौ, सलैया, महगुवां सिंग्रामपुर मार्ग और गांव के पास देखा जा रहा है साथ ही पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर हड़ऊ की घटिया पर, कुआं वाली मोड़ पर, पंडा बाबा के पास, पुरानी वन चौंकी के पास, पाड़ाझिर के पास 27 मील के पास, टावर के समीप व नरगुवां की घटिया पर कुछ दिन पहले ही लोगों ने नरगुवां तालाब के समीप भी तेंदुआ और उसके दो बच्चों को देखें जाने की नगर में चर्चाएं हो रही थी। साथ ही पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर लोगों ने बच्चों के साथ तेंदुआ को कई बार देखा है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में बीते दो साल से तेंदुआ का मूवमेंट है। इसके अलावा तारादेही मार्ग पर बहेरिया गांव के समीप भी पेड़ पर आराम करते हुए तेढुआ देखा जा चुका है। जिसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई है।

#### बाघों की संख्या बढ़ने से टेरेटरी बदल रहे तेंदुए

वहीं दमोह सागर और नरसिंहपुर जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों की संख्या बढ़ रही है और बाघों के बढ़ने से तेंदुआ अपनी टेरेटरी बदल रहे हैं इसलिए इनकी मौजूदगी। दमोह जिले के जंगल और तेंदूखेड़ा तारादेही तेजगढ़ झलौन जंगलों में देखी जा रही है। गौरतलब है कि टाइगर रिजर्व में वर्तमान में बाघों की संख्या 23 से 25 से अधिक हो गई और बाघ रिजर्व में अपना कुनबा बढ़ा रहे हैं और टेरिटरी भी बदल रहे हैं।

#### गश्ती और निगरानी

तेंदूखेड़ा वन परीक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन ने कहा कि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त और निगरानी की जा रही है ताकि वन्यजीवों और आम नागरिकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विभाग ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से जंगलों की ओर न जाने की अपील की है। सिंग्रामपुर वन परीक्षेत्र में कोर जोन बफर जोन दोनों हैं। इस कारण वहां जानवर तो है ही तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगल लगे होने के कारण जानवरों का आना जाना है। वैसे आसपास के ग्रामों में मुनादी करा दी गई है और क्षेत्र में लगातार तेंदुओं की संख्या बढ़ रही है चारों ओर तेंदुआ देखें जा रहे हैं। वन विभाग की टीम चारों ओर निगरानी कर रही है। वन विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार बाघ से तेंदुआ हमेशा दूरी बनाकर रखता है। नौरादेही अभयारण्य में अब बाघ बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में यहां चीता भी शिफ्ट होने वाले हैं। इसलिए तेंदुआ अब अपना स्थान बदलकर तेंदूखेड़ा क्षेत्र के जंगलों में नजर आ रहे हैं। जिनकी वंश वृद्धि भी होती हुई दिखाई दे रही है। जो पर्यटन के लिए अच्छा शगुन है।

## बजरंग दल विहिप ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



बुधवार को बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने एक ज्ञापन थाना प्रभारी नीतेश जैन को एक ज्ञापन संगठन के नाम पर असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूली छात्रों को परेशान करने एवं मारपीट करने की घटना संबंधित सौंपा गया, जिसमें संगठन की ओर से यह मांग की गई है कि असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाए, ताकि संगठन की छवि को बदनाम करने वाले तत्वों पर रोक लग सके। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संज्ञान में यह बात आई है कि नगर तेंदूखेड़ा में कुछ असामाजिक तत्व संगठन के नाम का दुरुपयोग करते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशान कर रहे हैं, उनके साथ मारपीट एवं ब्लैकमेलिंग जैसी अनैतिक गतिविधियाँ कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कुछ व्यक्तियों द्वारा स्वयं को बजरंग दल का सदस्य बताते हुए एक छात्र के साथ मारपीट करते हुए देखा गया है। संगठन यह स्पष्ट करना चाहता है कि उक्त व्यक्तियों का बजरंग दल या विश्व हिन्दू परिषद से कोई संबंध नहीं है। यह कृत्य पूर्णतः असामाजिक और निंदनीय है।संगठन का किसी भी प्रकार की हिंसा, दबाव या अनुशासनहीन गतिविधि से कोई लेना-देना नहीं है। बजरंग दल सदैव राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता एवं युवा शक्ति के सकारात्मक निर्माण हेतु कार्यरत रहा है। संगठन प्रशासन से आग्रह करता है कि ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर शीघ्र दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## आजाद शिक्षक संघ की पुरानी पेंशन वहाली के लिए महारैली 9 नवंबर को

**दमोह।** आजाद शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सराफ एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चौबे ने बताया कि 9 नवंबर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर मैदान पर पुरानी पेंशन योजना की पुनः वहाली के लिए ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन नेतृत्व में महा रैली होने जा रही है जिसमें आजाद शिक्षक संघ मध्य प्रदेश भी पूरी ताकत के साथ सहयोग कर रहा है जिलाध्यक्ष ने बताया कि पुरानी पेंशन वहाली के लिए जिला दमोह से भी आजाद शिक्षक संघ के नेतृत्व में 100 शिक्षक एवं शिक्षाएं निजामुद्दीन एक्सप्रेस तथा अन्य ट्रेनों से रिजर्वेशन करा कर 8 नवंबर 2025 को शाम 7 बजे दमोह से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## अमन चौरसिया बने सीए



**दमोह।** अमन चौरसिया पिताश्री अन्नु चौरसिया पथरिया जिला दमोह ने लगातार अथक प्रयासों से (भारतीय चार्टेड अकाउंट संस्थान )द्वारा आयोजित परीक्षा परिणाम 2025 में सफलता प्राप्त की। संकल्प में विकल्प नहीं की धारणा पर अपने प्रयासों से धेर्य 'सहनशीलता' एवं त्याग को अपना मूल मंत्र मानते हुए यह सफलता अर्जित की।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न, कल सौंपेंगे ज्ञापन

**दमोह।** बुधवार को मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक श्रीमान मनोज चौबे पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिला संरक्षक शेख हनीफ खान की अध्यक्षता में बैठक संपन्न की जिसमें मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने बैठक में कर्मचारी है हितेषी मुद्दों पर प्रांत के आवाहन पर 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपने बनाई रणनीति। दमोह मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ आज 5 नवंबर को संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक शासकीय सरदार पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय दमोह में आयोजित की जिसमें हितेषी मुद्दो पर चर्चा हुई । आगामी 7 नवंबर को प्रांतीय निर्देश अनुसार 15 सूत्री मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन श्रीमान कलेक्टर महोदय दमोह के माध्यम से सौंपा जाएगा। इसके अलावा संघ की जिला कार्यकारिणी एवं तहसील ब्लाक की सर्वसम्मति से घोषणा की गई और संघ के पदाधिकारी को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन की बात जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार आगामी 15 सूत्री मांगों के कार्यक्रम में सहयोग की अपेक्षा हेतु सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई ।

## गौशाला में हुआ विशाल भंडारा



**दमोह।** श्री योग वेदांत सेवा समिति दमोह के प्रमुख पदाधिकारीयों के अनुसार दमोह जिले से लगभग 45 किलोमीटर दूर गणेशगंज स्टेशन के पास ग्राम गोराखुर्द में संत श्री आसाराम जी आश्रम द्वारा संचालित श्री देव जानकी राम मंदिर ट्रस्ट गौशाला है यहां प्रति वर्ष देव दिवाली पर्व के निमित्त पूज्य संत श्री आसाराम जी बापू की पावन प्रेरणा से गरीब व आदिवासियों के लिए विशाल भंडारा व जरूरतमंद सामग्री जैसे गर्म कंबल, मिठाई डिब्बे, खजूर नगद राशि आदि बहुत कुछ भेंट स्वरूप में प्रदान किया जाता है। इस बार भी आज देव दिवाली पर विशाल भंडारा संपन्न हुआ स जहां दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में लोग उमड़े , जिन्हें पहले भजन कीर्तन कराया व सनातन धर्म की महिमा बताई गई। उसके बाद सभी ने प्रेम से भंडारे की प्रसादी ग्रहण की और अन्त में विदाई के समय भेंट स्वरूप जरूरतमंदों को गौशाला संचालक श्री अनिल भाई ने सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सहयोगी बने सागर एवं दमोह के सभी गुरु भाई को गौशाला के संचालक महोदय ने खूब-खूब साधुवाद दिया और सभी पूज्य बापूजी की पावन प्रेरणा व पावन संस्कारों के साथ गौशाला की, अपने धर्म की, व गरीब जरूरतमंदों की सेवा करते रहें। कार्यक्रम के प्रमुख रूप से दमोह के भरत भैया, राकेश भैया, पंडित रामजी मिश्रा, सुंदरलाल, राधे सोनी, मालती बहन, वर्षा, वंदना आदि बहुत से व सागर समिती के बहुत से सेवाधारीयों की उपस्थिति रही।

## चंडी माता मंदिर में गूंजे मंगल गीत, रुक्मणी विवाह धूमधाम से संपन्न

**भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का भाव, रुक्मणी विवाह के दृश्य ने बांधा समा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के निकट ग्राम मुड़ारी स्थित चंडी माता मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को रुक्मणी विवाह का भव्य आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्तिक महिला मंडली द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित प्रकाश दुबे ने श्रीमद् भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीला कथाओं से भावविभोर कर दिया। कथा पंडाल में जब भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी के विवाह का प्रसंग आया तो पूरा वातावरण भक्ति से सराबोर हो गया। विवाह गीतों की गूंज के बीच महिलाओं ने मंगलाचरण गाए और श्रद्धालु नाचते-झूमते हुए जयकारे लगाने लगे। इस अवसर पर पूरा परिसर "जय श्रीकृष्ण, जय रुक्मणी" के उद्घोष से गूंज उठा। कथा व्यास पंडित प्रकाश दुबे ने प्रवचन के दौरान कहा कि "भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना के लिए कंस का वध किया और रुक्मणी जी सहित 16 हजार कन्याओं का उद्धार किया। उन्होंने सुदामा चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता यह दर्शाती है कि सच्चा प्रेम और मित्रता किसी जाति, वर्ग या संपन्नता की मोहताज नहीं होती। कथा का समापन हवन-पूजन और भंडारे के आयोजन के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा उपरांत जुझार गांव की ब्यारमा नदी में जलविहार का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्तों ने सामूहिक स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में बांदकपुर, हलगज, रियाना, जुझार, रंजरा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर सरपंच मुकेश सिंह, हेमेंद्र असाटी राजन, रामजी महोबिया, कड़ोरी सेन, हल्ले सेन, नीरज महोबिया सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आज विश्व शांति महायज्ञ के साथ होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अष्टानिका महापर्व के पावन अवसर पर नगर के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं सिंघई मन्दिर जी में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव के साथ चल रहा है। विधान के आठवें दिन 1024 अर्घ समर्पित किए गए। गुरुवार को श्रीजी के अभिषेक पूजन शांति धारा उपरांत विश्व शांति महायज्ञ होगा तत्पश्चात सिटी नल से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें दोनों मंदिरों के आसामियों के साथ सकल जैन समाज शामिल होगी। श्री नन्हे मंदिर जी में चल रहे भक्तिमय अनुष्ठान में बुधवार को प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री एवं ब्रह्चारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में प्रात श्रीजी के अभिषेक उपरांत शांति धारा संपन्न हुई। देव शास्त्र गुरू पूजन उपरांत श्री सिध्द यंत्र जी पूजन करके महापात्रों के साथ सभी श्रावकजनों ने विधान पूजन करते हुऐ श्री जी के समक्ष समोसारण में 1024 अर्घ चढ़ाए गए। जिसका सौभाग्य सौधर्म इंद्र राजेंद्र अटल मनीषा भरत चक्रवर्ती संतोष अविनाशी परिवार श्रीपाल मैना सुंदरी चंद्र कुमार अभिषेक खजरी परिवार आनंद लैब कुबेर इंद्र मुकेश अर्चना जैन खजरी महायज्ञ नायक परिवार सुनील बड़े राय यज्ञ नायक नवीन निराला उर्मिला जैन ईशान इंद्र परिवार मनीष आउटलुक सनत इंद्र परिवार पदमचंद रानू जैन खजरी द्रव्य पुण्यार्जक परिवार ध्वजारोहण करता रूपचंद जैन बनवार परिवार के साथ बारी बारी से सभी श्रावक जनों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अनेक श्रावकजनों ने श्री नन्हें मंदिर निर्माण कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए बनने वाली चौबीसी के लिए एक-एक बेदी बनवाने एवं श्रीजी की प्रतिमा स्थापित करने हेतु अपनी दान राशि घोषित की। शाम की महाआरती का सौभाग्य सनत इंद्र परिवार मनीष जैन आउटलुक को प्राप्त हुआ। उनके निवास से धूमधाम से महा आरती शोभायात्रा निकाली गई। शाम 7 से बजे मंदिर जी में भक्तांबर पाठ के साथ 48 दीप समर्पित किए गए। इसके बाद मंगलमय महा आरती संपन्न हुई। विधान व्यवस्था प्रभारी अमरदीप जैन लालू एवं मनीष बजाज ने बताया कि विधान के आठवें दिन बुधवार को सुबह 8 बजे से श्री जी का अभिषेक प्रारंभ होगा।

महामंत्री राज कुमार रानू ने बताया कि गुरुवार को 111 शांतिधारा के पश्चात विश्व शांति महायज्ञ से विधान का समापन होगा। सुबह 10 बजे से सिटी नल से शोभायात्रा निकलेगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस सिटी लाल पहुंचकर संपन्न होगी।

**खबर संक्षेप**

## उत्कृष्ट विद्यालय खेल ग्राउंड में आयोजित होगा टूर्नामेंट

**दमोह।** स्वामी विवेकानंद सेवा विकास एवं उत्थान समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय हुआ कि स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में आगामी 31 दिसंबर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समिति की बैठक बुधवार शाम संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में टूर्नामेंट की रूपरेखा, टीम पंजीयन, तथा पुरस्कार वितरण समारोह पर भी चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बैठक में शैलेंद्र सिंह परिहार, प्रशांत शेंडेय, दिनेश पालीवाल, जितेंद्र सिंह परिहार, शोभित अग्रवाल, मिकी चंदेल, महेंद्र राठौर, धर्मेश मिश्रा, वीरेंद्र विश्वकर्मा, वसीम राजा, अखिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह परिहार, सत्येंद्र विश्वकर्मा, रोहित अठ्या सहित समिति सदस्यों की उपस्थिति रही।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** नाबालिग बालिका साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दमोह कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03.1125 को नाबालिग फरियादिया द्वारा थाना कोतवाली दमोह में एक लिखित आवेदन पत्र अनावेदक रमजान पठान द्वारा दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में प्रस्तुत किया जो आवेदन पत्र पर आरोपी रमजान पठान के विरुद्ध थाना कोतवाली दमोह में अपराध क्र 871/2025 धारा 64(1),351 (3) बीएनएस, 3/4 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी जो गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 05.11.2025 को आरोपी रमजान पठान पिता कलीमुद्दीन पठान उम्र निवासी शेभानगर दमोह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. मनीष कुमार, उनि वंदना गौर, आर. रामकृष्ण यादव, प्रदीप चौधरी आदि शामिल रहे।

## यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत हेतु बैठक का आयोजन

**जबेरा।** श्री आनंद धाम (पुरनहाऊ) जबेरा में आगामी कार्यक्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत के आयोजन हेतु अंतिम बैठक श्री नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज (स्वामी रनजीता नंद जी) के निर्देशन में दिनांक आज 6 .11.2025 दिन गुरुवार को सायं 4:00 होना प्रस्तावित है जिसमें यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत हेतु दायित्व सौंपने एवं आयोजित समस्त धार्मिक कार्यों की रूपरेखा तय की जानी है जिसमें आप सभी महानुभावों की उपस्थित अनिवार्य है। आयोजन समिति ने गुरुवार को सायं 4 बजे अनिवार्य रूप से पधारकर के आयोजित धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सुझाव देते हुये पुण्य लाभ अर्जित करें।

यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, ग्राम पंचायत जेरठ में शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया नमन

# शहीदों को श्रद्धांजलि देने जेरठ से फसियां नाला तक सासंद ने की एकता पदयात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशभर में सांसदों द्वारा अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में पदयात्रा आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में दमोह लोकसभा क्षेत्र में आयोजित पदयात्रा का समापन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा यह यात्रा सरदार पटेल के आदर्शों और शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि का प्रतीक है। उन्होंने कहा पदयात्रा जेरठ से प्रारंभ होकर फसियॉ नाला तक पहुँची, जहाँ स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 30 वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। यह यात्रा उन ऐतिहासिक स्थलों तक पहुँचने का प्रयास थी जहाँ शहीदों ने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने पदयात्रा में सहभागी सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित यह ₹एकता यात्रा₹ (यूनिटी मार्च) देश की विरासत, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को यह जानना आवश्यक है कि आज जो हम स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, उसके पीछे असंख्य शहीदों के अमिट बलिदान की गाथाएँ हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा कि आज़ादी के बाद खंड-खंड में बंटे भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था, इसलिए वे सदैव ₹अखण्ड भारत के शिल्पकार₹ के रूप में स्मरणीय रहेंगे। समापन कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता का संदेश दिया।

पदयात्रा के दौरान ग्राम पंचायत जेरठ में शहीद स्मारक पहुँचकर अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया व उनके वंशजों से भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर हटा विधायक उमादेवी लालचन्द्र खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, पूर्व विधायक सोना बाई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटैल, शशिकांत अग्निहोत्री, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉं मंजू कटारे, गोपाल पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, रमन खत्री, श्री बिदौल्या सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, सम्मानीय मीडियाजन अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 150 किलोमीटर की यात्रा निकालने का आह्वान किया हैं। आज की यह पदयात्रा जेरठ, पिपरिया चंद, त्रिमुड़ा, धौराज, बलखंडन माता (भोजन व्यवस्था), किशुनगंज होते हुए फंसिया नाला (घनश्याम गार्डन, नरसिंहगढ़) में समापन हुआ।

### 1857, फसियाँ नाले का इतिहास

नरसिगढ़ के राजा रघुनाथ राव' करमरकर तेजगढ़ के राजा' तेजीसिंह, बालाकोट के राजा राव स्वरूप सिंह के द्वारा की गई सहमति के आधार पर हिण्डोरिया राजगढ़ी के राजा किशोरसिंह जी के कुशल नेतृत्व में 19 सितम्बर 1857 को अंग्रेजी सेना के दमोह के डिप्टी कमिश्नर नेम्मावार्ड की अंग्रेजी सेना पर हमला करने का निर्णय लिया गया था, परन्तु खुफिया जानकारी से डिप्टी कमिश्नर को उक्त व्यूह रचना का पता लग गया था, और कैप्टन पिंकी को नरसिहगढ़ सेना सहित विद्रोहियों पर कार्यवाही हेतु भेजा गया। कैप्टन पिंकी ने अपने सेना के साथ नरसिहगढ़ किले को जाकर घेर लिया और आक्रमण कर दिया और नरसिहगढ़ के राजा रघुनाथ राव करमरकर एवं उनके मित्र रामचन्द्रन फर्णनवीस को किले में ही फाँसी पर चढ़ा दिया गया। कैप्टन पिंकी के हमले की जानकारी लगते ही कारीजोग खेजरा से पंचम सिंह, रघुनाथ राव करमरकर के दीवान पं. अजबदास तिवारी और ग्राम जेरठ से हीरालाल लोधी, हिन्दुपुर लोधी, देवकरण लोधी, बिस्राम सिंह लोधी, मोरे सिंह लोधी, सोने सिंह लोधी एवं अन्य 03 नाम और इतिहास के पन्नों से प्राप्त नहीं हो पाये हैं, इनकी अगुवाई में कैप्टन पिंकी की सेना से युद्ध करने व राजा रघुनाथ राव करमरकर की मदद करने नरसिहगढ़ आ गये, सभी लोगों को नरसिहगढ़ किला के बाहर कैप्टन पिंकी की अंग्रेजी सेना रोक कर घेर लिया और सभी को गिरफ्तार कर फसिया नाले पर ले जाकर फाँसी पर चढ़ा दिया गया, सबसे बड़ा अत्याचार तो यह था कि उक्त शहीद हुए परिवारों में एक छः माह का दुधमुहा बच्चा भी था, जिसको तोप के मुहाने से बाँधकर, तोप से उड़ा दिया गया। इसी भयावह हत्या काण्ड के कारण इस नाले का नाम आज भी फसियाँ नाले के नाम से जाना जाता है। सभी अमर शहीदों को शत-शत नमन।

## ससुर के हत्यारे दामाद को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

दो वर्ष पूर्व बटियागढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपी ने अपने ही घर में पिता के साथ सो रहे ससुर की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या किए जाने के प्रकरण में माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सिराज अली की न्यायालय ने आरोपी को धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोग अभियोजक दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया गया कि थाना- बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 171/23 धारा 302 भा.द.वि.से दाम में दिनांक 23/5/23 से 29/5/23 के मध्य आरोपी दामाद गुड्डू आदिवासी द्वारा अपने घर के बाहर पर अपने पिता के साथ सो रहे अपने ससुर रामलाल आदिवासी की गर्दन मुंह एवं जबड़े में कुल्हाड़ी से बार कर हत्या कर दी गई।

जब आरोपी का पिता बाथरूम के लिऐ उठा तो उसने आरोपी गुड्डू आदिवासी की पत्नि यशोदा बाई को बताया कि तुम्हारे पति ने तुम्हारे पिता की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी है तथा कुल्हाड़ी लेकर जंगल की तरफ भाग गया है फरियादीया द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से बटियागढ़ अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा रामलाल आदिवासी को मृत घोषित कर दिया गया। प्रकरण की विवेचना कर रही थाना प्रभारी सोनाली जैन द्वारा दूसरे ही दिन आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के मेमोरेंडम कथनों के आधार पर उसके द्वारा हत्या में प्रयुक्त खिलाड़ी को जप्त किया गया जिस पर मृतक का खून लगा हुआ था प्रकरण में आए साक्ष्य एवं भौतिक साक्ष्य के आधार पर सोनाली जैन की सूक्ष्म विवेचन के आधार पर माननीय प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सिराज अली महोदय द्वारा प्रकरण क्रमांक 64 / 23 अंतर्गत धारा 302 भा.द.वि.में आरोपी गुड्डू आदिवासी को अपने ससुर रामलाल आदिवासी की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया शासन की ओर से पैरवी दिलीप सिंह ठाकुर अतिरिक्त लोक अभियोजक हटा द्वारा की गई।

## सरपंचों की बैठक सम्पन्न, 11 नवंबर के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की

**दमोह।** मानस भवन दमोह में जिले के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 11 नवंबर को होने वाले प्रदेश स्तरीय सरपंच आंदोलन की रणनीति और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। अशोक सिंह सेंगर ने कहा कि यह आंदोलन पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार, सम्मान और विकास कार्यों में स्वायत्तता की पुनर्स्थापना के लिए निर्णायक साबित होगा। उन्होंने सभी सरपंचों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में जिलेभर के सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की जड़ हैं, और ग्राम स्तर पर सशक्त प्रशासन के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सम्मान मिलना आवश्यक है। बैठक के दौरान आगामी आंदोलन की तैयारियों, यात्रा व्यवस्थाओं तथा संगठन की मजबूती पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में उपस्थित सभी सरपंचों ने एक स्वर में आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।



## विश्वस्तरीय ट्रैवल शो में ट्रैवल और टूर पार्टनर्स से मिला शानदार रिस्पॉन्स

**दमोह।** प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के नेतृत्व में 'अतुल्य भारत का हृदय' मध्य प्रदेश ने दुनिया के प्रभावशाली यात्रा और पर्यटन आयोजन, वर्ल्ड ट्रैवल मार्ट (**WTM**) लंदन 2025 में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है। मध्यप्रदेश पैवेलियन का उद्घाटन यूनाइटेड किंगडम में भारत के उप उच्चायुक्त श्री कार्तिक पांडे ने किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. इलैयाराजा टी और ट्रैवल और टूर ऑपरेटर मौजूद थे। वैश्विक पर्यटन उद्योग के पेशेवरों के लिए एक प्रमुख **B2B** (बिजनेस-टू-बिजनेस) मंच है, जहाँ 180 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, टूर ऑपरेटर और नीति निर्माता पर्यटन के भविष्य को आकार देने के लिए जुटते हैं। यह यूनाइटेड किंगडम में लंदन में 4 नवंबर से 6 नवंबर तक एक्सेल लन्दन में आयोजित हो रहा है। **WTM** के पहले दिन मध्य प्रदेश पैवेलियन में जबरदस्त उत्साह देखा गया। राज्य का प्रतिनिधिमंडल, यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र के हितधारकों के साथ मिलकर, राज्य की समृद्ध विरासत, वन्य जीवन, आध्यात्मिकता और जीवंत संस्कृति का प्रदर्शन कर रहा है।

## कार को बचाने के चक्कर में गैस सिलेंडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



बुधवार की सुबह साढ़े नौ बजे तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर नरगुवा की घाट पर गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अंधे मोड़ पर कार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस कारण गैस से भरे सिलेंडर सड़क किनारे बिखर गए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और डायल 112 मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। साथ ही सडक पर विखरे सिलेन्डरो को एकटठा कर रखवाए गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी ट्रक क्रमांक जीजे 19 वाई 4646 है जो कि जबलपुर के शहपुरा भिटोनी गैस प्लांट से गैस सिलेंडरों को भरकर टीकमगढ़ जा रहा था लेकिन तेंदूखेड़ा के समीप नरगुवा की घाट पर एक अंधे मोड़ पर कार को बचाने के चक्कर में ट्रक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा ट्रंक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक में भरे गैस सिलेंडर सड़क किनारे बिखर गए ट्रक चालक को राहगीरों द्वारा ट्रक से सुरक्षित बाहर निकाला और घटना की सूचना 112 को दी गई जहां सूचना मिलते ही सैनिक 305 मनोहर ठाकुर पायलट संदीप अहिरवार मौके पहुंचे और और घायल को उठाकर इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर चालक का इलाज हुआ। ट्रक चालक राजभान पिता शिवराम पटेल 40 निवासी सिहोरा जिला जबलपुर ने बताया कि वह सुबह 8 बजे शहपुरा भिटोनी गैस प्लांट से गैस सिलेंडरों को लेकर टीकमगढ़ के लिए निकला था लेकिन नरगुवा की घाट पर जैसे ही पहुंचा तो सामने अचानक दो कार सामने आ गई एक कार निकल गई लेकिन दूसरी कार अचानक ट्रक के सामने ही आ गई जिसे बचाने के चक्कर में हादसा हो गया चालक ने बताया कि मोड़ होने के कारण ट्रक से नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया ट्रक को कंट्रोल करने का काफी प्रयास किया गया लेकिन ट्रक सड़क किनारे उतरा और एक पत्थर पर चढ़ते हुए पलट गया। घटना के बाद बड़ा हादसा होने से टल गया क्योंकि ट्रक में गैस, सिलेंडरों से भरा हुआ है हादसे के बाद एक गैस सिलेंडर लिंकेज होने लगा जहां दमोह की और से शहपुरा जा रहा अन्य गैस सिलेंडर के ट्रक चालक ने रोककर लिंकेज सिलेंडर को उठाकर घटनास्थल से दूर जंगल में रखा गया वहीं घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड से चालक शारदा यादव उमेश जैन और परिचालक संजय जैन मौके पर पहुंचे लोगों ने कहा कि अगर लिंकेज गैस सिलेंडर को उठाकर दूर जंगल में नहीं ले जाया जाता तो बड़ा हादसा हो जाता। अन्य ट्रक के चालक ने समझदारी दिखाते हुए लिंकेज गैस सिलेंडर को घटनास्थल से हटाकर दूर कर दिया वहीं फायर ब्रिगेड वाहन भी घटनास्थल पर दिनभर मौजूद रहा जब तक अन्य वाहन से इन गैस सिलेंडरों को लोड़ कर रवाना नहीं कर दिया। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बांसापुरा के पास सड़क हादसे में बीएलओ की मौत



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को फिर एक बार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक शिक्षक की इलाज के दौरान मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलौन-तेजगढ़ मार्ग पर बांसापुरा के पास मंगलवार देर शाम सड़क हादसे में एक बीएलओ की मौत हो गई। बीएलओ तेंदूखेड़ा एसआईआर सर्वे की सामग्री को लेकर आया था और यहां से वापस अपने गांव हिनौती पुतरीघाट लौट रहा था। इस बीच किसी अज्ञात पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बीएलओ गंभीर रूप से घायल हो गया उसे परिजन तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए और गंभीर हालत होने पर उसे तुरंत जबलपुर रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार से निर्वाचन आयोग के आदेश पर एसआईआर का सर्वे प्रारंभ होना था। इसी को लेकर हिनौती पुतरीघाट निवासी शिक्षक श्याम सुंदर शर्मा 45 की ड्यूटी बीएलओ के रूप में बैरागढ़ में लगाई गई थी। इससे पहले वे तेंदूखेड़ा आए थे और लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। शर्मा तेंदूखेड़ा ब्लॉक के पटनयाऊ मिडिल स्कूल में पदस्थ थे। पुलिस हादसे के बाद वाहन की तलाश में जुटी हुई है। हादसे को लेकर परिजन भी आक्रोशित हैं वहीं जबलपुर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने चोर गिरोह को पकड़ा, कई चोरियों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



देहात थाना पुलिस ने चोर गिहोर को पकड़कर चोरी की कई घटनाओ का खुलासा किया है। चोर गिरोह के सदस्यों ने प्रदेश के अन्य जिलों में भी चोरी की घटनाओं को करना स्वीकार किया है। पुलिस ने इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी के देते हुये बताया कि जिले में हो रही नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं पर अकुंश लगाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक भुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा अज्ञात चोर गिरोह को पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में थाना दमोह देहात द्वारा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी जबलपुर नाका उनि, प्रसीता कुर्मी के नेतृत्व में टीम का गठन किया जाकर, एक चोर गिरोह की पकड़कर चोरी की कई घटनाओ का खुलासा किया गया। जिनमें दिनांक 04/11/25 को आरोपियो 1 शंकर उर्फ अभिषेक पिता राजेश यादव उम्र 20 साल निवासी सिविल वार्ड नं. 03 दाल मिल के पीछे दमोह, शाहिद उर्फभोला कुंचबंदिया उम्र 18 साल निवासी दाल मिल के पीछे वार्ड नं.03 दमोह, अभिषेक पिता कारेलाल कुंचवंदिया उम्र 19 साल निवासी अग्रवाल दाल मिल के पीछे दमोह, राज अहिरवार पिता विजय अहिरवार उम्र 18 साल निवासी गदागंज पॉलीटेनिक कालेज के पीछे दमोह सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में चोरो द्वारा चौकी जबलपुर नाका, चौकी सागर नाका, थाना दमोह देहात की कई चोरी एवं अलग-अलग जिले मण्डला, जबलपुर, कटनी से चोरी की बारदाद करना स्वीकार किया है। थाना क्षेत्र की नकबजनी/चोरी की अलग-अलग घटनाओं में उक्त चार आरोपियो, 01 अपचारी बालक से सोना/चांदी के जेवरात, मंदिर चोरी में मुकुट, घंटा, दान पेटी अन्य मकान की चोरी में गैस चूल्हा, गैस सिलेण्डर, अनाज की वोरियां की बरामदगी के साथ अलग-अलग जिलो से चोरी की गई 06 मोटर साईकिल की बरामदगी की गई है। उक्त चोर गिरोह पर जिले एवं अन्य जगहों में चोरी की बारदातो का पूर्व अपराधिक रिकार्ड है। उपरोक्त चोर अलग-अलग जगह पर जाकर गैंग बनाकर चोरी की बारदाद को अंजाम देते है चोरी किये गये सामान की बारामदगी के साथ-साथ उपरोक्त आरोपियो के द्वारा थाना क्षेत्र में की गई चोरी की घटनाओं में जारी 04 स्थाई बारण्ट भी तामील किये गये। आरोपियो को न्यायालय पेश किया गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 06 मोटर साईकिल पुरानी, सोने की अंगुठी, चांदी की पायल, 4 हथ पोस, चांदी के 2 नग, 2 नग चांदी की चेन, 11 नग चूडा चांदी के, चांदी का मुकुट 01 नग, गैस सिलेंडर, सोयाबीन की 02 वोरिया, दानपेटी, मंदिर के घण्टा कुल कीमती करीबन 06 लाख की सामग्री बरामद की है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरी. रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी उ.नि. प्रसीता कुर्मी स.उ.नि अभय स.उनि.अकरम खान, प्र.आर. सचिन म.प्र.आर. सुमन, प्र.आर. जालम प्र.आर. नंदलाल, प्र.आर. आलोक, आर. रूपेश आर. सुरेन्द्र, आर.अजय, आर. हेमराज, आर. प्रताप, आर. गौरव, म.आर. निकिता, आर. जितेन्द्र, आर. दीपक, सैनिक महफूज, मै. रेखा, साईबर सेल टीम दमोह का सहयोग रहा।

## राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ भव्य समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य समापन बुधवार को किया गया। तीसरे और अंतिम दिन पीत वस्त्रधारी नर नारियों ने तीन पारियों में राष्ट्र के शौर्य और समृद्धि बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में भाव भरी आहुतियां गायत्री महामंत्र के सस्वर उच्चारण के साथ यज्ञ देवता को समर्पित की। यज्ञशाला में और आसपास चारों तरफ वासंती रंग ऐसा दिखाई दे रहा था जैसे वसंत का मौसम आ गया हो। 3,000 से अधिक यज्ञकर्ताओं ने आज आहुतियां समर्पित करते हुए पूर्णाहुति सम्पन्न की । इसी के साथ इस चार दिवसीय दिव्य और भव्य आयोजन का समापन देवताओं की भावभीनी बिदाई सुमधुर संगीत गायन के साथ, तत्पश्चात शांतिकुंज से पधारी यज्ञाचार्यो की टोली की बिदाई भी मंच से ही अश्रुपूरित हृदय से आयोजन समिति ने की। आज पुनः बड़ी संख्या में गुरुदीक्षा, पुंसवन, यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराए गए। यज्ञकर्ताओं द्वारा आज पुनः अपने जीवन की एक बुराई को चाहे वह किसी तरह का नशा हो, मांसाहार हो अथवा चुगली करने के रूप में हो, यज्ञ देवता की साक्षी में हमेशा के लिए छोड़ने का संकल्प लिया। आज यज्ञशाला के प्रतीक्षालय में बैठे श्रृद्धालुओं को पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा रचित विपुल साहित्य की एक एक पुस्तक निःशुल्क वितरित की गई ।